तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025



4 कुमार विश्वास के ओजस्वी कविता पाठ से गूंजा चक्रधर समारोह, दर्शक भाव विभोर






### कोटवारी भूमि खरीदने वालों पर गिरी गाज, एसडीएम ने भेजा बेदखली नोटिस

# तुलसी से खरीदी गई कोटवारी जमीन ने 30 परिवारों को फंसाया, जमीन खरीदकर फंसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के बांजीनपाली क्षेत्र में कोटवारी जमीन को लेकर विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की कोटवारी जमीन को लगभग 40 हजार रुपये प्रति डिसमिल की दर पर बेचने का झांसा देकर 30 परिवारों को फंसाया गया। खरीददारों का दावा है कि उन्हें विश्वास दिलाया गया था कि यह जमीन वैध है और सुरक्षित रूप से उनके नाम दर्ज की जा सकती है। लेकिन जमीन की असली स्थिति जांचने पर पता चला कि यह सरकारी कोटवारी भूमि है, जिस पर आम नागरिकों का हक्र नहीं है। स्थिति गंभीर होने पर एसडीएम ने हस्तक्षेप किया और सभी प्रभावित परिवारों को बेदखली का नोटिस जारी कर दिया। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि इस जमीन पर खरीदारों का कोई वैध अधिकार नहीं बनता और उन्हें जमीन खाली करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कोटवारी और सरकारी भूमि को खरीदते समय पूरी जांच पड़ताल करना आवश्यक है। वहीं प्रभावित परिवारों में हड़कंप मचा हुआ हैए कई लोग न्याय की गुहार लगा रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा प्रभावित ओपी चौधरी से भी मिलने पहुंचे थे। हालांकि उन्हें राहत कहीं से भी नहीं मिली है। जानकारों का कहना है कि इस तरह के घोटाले आमतौर पर झांसे और गलत जानकारी देकर किए जाते हैं। इसलिए सरकारी रिकॉर्ड की पुष्टि के बिना किसी भी जमीन का लेन.देन करना जोखिम भरा हो सकता है।

### जीवनयापन के लिए कोटवारों को दी जाती है जमीन

शासन ने प्रत्येक गांव में कोटवारों के लिए जीवन यापन हेतु सरकारी जमीन आवंटित की थी। समय के साथ शहर के आसपास की कोटवारी जमीन पर भूमाफियाओं की नजर पड़ी और उन्होंने इसे खरीदने की कोशिश की। हालांकि कोटवारी जमीन की रजिस्ट्री कानूनी रूप से नहीं हो सकती, फिर भी पटवारी से बिक्री नकल और चौहद्दी दस्तावेज बनाकर कई लोगों ने इसे खरीद लिया। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी जमीन का लेन.देन करने से पहले सरकारी रिकॉर्ड की पूरी जांच करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।

### 17 जनवरी को आया था कब्जा हटाने का फैसला

तहसीलदार के आदेशानुसार 17 जनवरी को कब्जा हटाने का फैसला हुआ था और 12 अगस्त को बेदखली नोटिस जारी किया गया। वहीं 21 अगस्त तक जमीन खाली नहीं करने पर प्रशासन अपने स्तर पर कार्रवाई करने वाली थी। इस बीच मंत्री ओपी चौधरी के आश्वासन के बाद कब्जा हटाने की कार्रवाई दो महीने यानी 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। कहा जा रहा है कि अगर 15 अक्टूबर तक जमीन खाली नहीं की जाती है, तो प्रशासन अपने स्तर पर कार्रवाई करेगा।

### 12 खसरे में करीब 4 हेक्टेयर सेवा भूमि

बांजीनपाली क्षेत्र में कोटवारी जमीन पर तहसीलदार ने 0.0126 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली सेवा भूमि पर कब्जा हटाने का आदेश जारी किया है। यह जमीन संतोषी पांडेय नामक महिला के कब्जे में थी। यहां कुल 12 खसरे हैं, जिनमें करीब 4.182 हेक्टेयर भूमि सेवा भूमि के रूप में दर्ज है। कई हिस्सों में अतिक्रमण होने की आशंका है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सेवा भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा वैध नहीं माना जाएगा और ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### कोटवारी जमीन खरीदकर फंसे खरीददार

जानकारी के अनुसार बांजीनपाली की इस जमीन का सौदा तुलसी चौहान नामक व्यक्ति ने किया था। जब जमीन की खरीदी बिक्री शुरू हुई तो अनेक लोगों ने यहां जमीन खरीद ली। बाहर से आए करीब 30 परिवार ने यहां प्रति डिसमिल 40 हजार की दर से जमीन खरीदी। हरेक व्यक्ति ने तीन डिसमिल जमीन लिया था। वहींए सौदा होने के कुछ समय बाद तुलसी चौहान की मृत्यु हो गई। इसके बाद अब जिला प्रशासन ने रहवासियों के नाम बेदखली का नोटिस जारी किया है। ऐसे में अब खरीददार कहीं के नहीं रह गए हैं। बेचने वाला मर चुका है। जबकि उसके परिवार के सदस्य खरीदी बिक्री से खुद को अनभिज्ञ बता रहे हैं। अब खरीददारों के पास कोई रास्ता नहीं बचा है।


पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि द्वारा आयोजित

व्यापार एवं उद्योग मेला के अवसर पर

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता | मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

का पुरस्कार वितरण समारोह

शनिवार, दिनांक - 30 अगस्त 2025

समय - दोपहर 1 बजे

स्थान - हरिभूमि कार्यालय

गौरव पथ, रिंग रोड नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)

रंगोली सजाओ प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, महिला दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य हैं।





## खबर संक्षेप

### कीचड़ में फंसी पुलिस की गाड़ी



**कोतबा।** जिले मे मंगलवार को चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतराटोली के सराईकोना मोहल्ला में एक अपराधिक मामले के जांच में गए कोतबा चौकी प्रभारी बृजेश यादव और उनके सहयोगी पुलिस कर्मी कीचड़ वाली सड़क में फंस गए। स्थिति ऐसी निर्मित हो गई, कि बनाए गए सड़क में इन दिनों भारी बारिश की वजह से कीचड़ दलदल में तब्दील हो चुकी है। लोगो के काफी मशक्कत के बाद भी बोलेरो वाहन नहीं निकली तो ट्रेक्टर की मदद से तीन किलोमीटर बाहर निकाला गया।

### पुलिस ने बरामद की चोरी की तीन बाइक

**अंबिकापुर।** बासाझाल तुतपारा निवासी अनुदीप तिग्गा ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 2313 को 17 अगस्त को देवरी रोड के समीप खड़ा किया था। इस दौरान अज्ञात चोर युवक की बाइक लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में शिकायत के बद्पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी गई बाइक एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 15 डीटी 2313 को नकना से बरामद किया है। इसके साथ ही पल्सर बैक क्रमांक सीजी 04 एलसी 2725 एवं सीजी 30 5073 कों देवरी रोड बतौली से बरामद किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि संजय कुमार गुप्ता, नारायण सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक रविश लकड़ा, आरक्षक राजेश खलखो, विकास एक्का, राजू कुजूर, नवीन खलखो एवं भगलू पैकरा सक्रिय रहे।

### यात्री बस ने ओमनी वैन को मारी टक्कर, महिला की मौत, 4 घायल

**ओड़गी।** ओड़गी भैयाथान मुख्य मार्ग पर कालामांजन में कुंवर बस ने ओमनी वैन को जबरदस्त टक्कर मारी दी। दुर्घटना में ओमनी वैन में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा 4 लोग घायल हो गए। बुधवार की दोपहर 2 बजे ओड़गी की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार कुंवर बस के चालक ने धरसेड़ी की तरफ से आ रही ओमनी वैन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में ओमनी सवार कबूतरी पति मंगल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं सुशीला पति शिव गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल सुशीला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती कराया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना में ओमनी वैन में सवार एक बच्चे समेत 3 लोगों को चोटे आई है। पुलिस ने बस चालक खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। मृत महिला के परिजन को ग्राम पंचायत धरसेड़ी द्वारा तत्काल 2 हजार रुपए की सहायता प्रदान किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ बलराम सोनी, निलेश कुमार सोनी, सचिव करमचंद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

### कानून व्यवस्था दुरुस्त करने थाने में बैठक

**बिश्रामपुर।** शहर की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अव्यवस्थाओं को दूर करने के उद्देश्य से बुधवार को बिश्रामपुर थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा की उपस्थिति में की गई। बैठक में नगर पंचायत शिवनंदनपुर और बिश्रामपुर क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई,बैठक में मुख्य मार्गो पर लगे होर्डिंग्स जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं,इनको तत्काल हटाने का आदेश दिया गया,मुख्य मार्केट में दुकानदारों द्वारा सड़क तक दुकानें सजाने और रास्ता घेरने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई,शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,बैठक में इनके मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया,यातायात को सुचारू बनाने और भीड़-भाड़ कम करने के लिए नगर पंचायत को निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री साय ने सहायता के लिए बढ़ाया हाथ

**बीमारी से जीवन फंसी संकट में**

# उपचार के लिए दो करोड़ पचासी लाख रुपए की दी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

परिवार के किसी एक सदस्य के गंभीर बीमारी के चपेट में आ जाने से पूरा परिवार संकट में आ जाता है। ऐसे विकट परिस्थिति में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना उपचार में सहयोगी बनता है। इसके तहत हितग्राहियों को 5 लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा सरकारी और पंजीकृत निजी अस्पतालों में मिलती है। जब गंभीर बीमारी के उपचार और सर्जरी का खर्च आयुष्मान योजना की सीमा से अधिक हो जाए तो क्या होगा? कहां से आएगा इलाज के लिए लाखों रूपये? संकट की ऐसी घड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपत्ति में फंसे ऐसे परिवारों की सहायता के लिए फिर हाथ बढ़ाया।

मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत जिले के 72 मरीजों को उपचार के 2 करोड़ 85 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि संबंधित अस्पताल के बैंक खाते में चेक या एनईएफटी के माध्यम से सीधे ट्रांसफर कर दी जाती है। इस राशि से लाभार्थी कैंसर,बोनमेरो ट्रांसफर,किडनी ट्रांसप्लांट जैसे महंगे उपचार बड़े अस्पतालों में करा सके। समय पर आर्थिक सहायता मिल जाने से न केवल मरीजों का जीवन सुरक्षित हो पाया अपितु परिवार को भी बड़ी राहत मिली। इस सहायता के लिए मरीज और उसका परिवार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जता रहा है।







#### इस तरह प्राप्त करें सहायता

सीएमएचओ डॉ जीएस जात्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए एक निर्धारित आवेदन फ्रार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा करना होता है। यह आवेदन पत्र सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इस आवेदन के साथ मरीज का आधार कार्ड,बीमारी से संबंधित चिकित्सकीय दस्तावेज, जिस अस्पताल में उपचार कराना चाहते हैं वहां का प्राकलन रिपोर्ट (स्टीमेट) संलग्न करना होता है।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहा है सुधार-** आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार और सुधार की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। जिले में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की घोषणा होने के साथ इसके लिए बजट भी सरकार जारी कर चुकी है। जमीन चयन होने के साथ कालेज शुरू करने की कवायद चल रही है। अस्पतालों में भौतिक और मानव संसाधन जुटाया जा रहा है।

### नाटक के माध्यम से अपनी मांगो को शासन तक पहुचाने का प्रयास

## एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल का ग्यारहवां दिन

**जशपुरनगर।** जिले के लगभग 820 कर्मचारी सहित पूरे प्रदेश के 18000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी विषम परिस्थितियों में मौसमी बीमारियों की चपेट में आने के बाद भी अपने संघ के साथ दृढ़ता के साथ अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों संविलयन , ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, नियमित पद में आरक्षण के समर्थन में पूरे उत्साह व जोश के साथ डटे हुए हैं।

उनका कहना है कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों ना हो अपना अधिकार नियमितीकरण शासन स्तर से लिखित में ले कर रहेंगे। संघ द्वारा बताया गया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की सत्ता के दौरान वर्तमान सरकार के कई दिग्गज मंत्री, सांसद ,विधायक के द्वारा हड़ताल अवधि के दौरान हमारे मंच में आकर हमारी मांगों का न सिर्फ़ समर्थन किया बल्कि हमारी मांगों को अपनी चुनावी घोषणा पत्र में भी सम्मिलित किया था। तब सरकार ने एनएचएम कर्मचारियों की नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को "मोदी की गारंटी " के तहत पूरा करने का वादा किया था। घोषणापत्र के माध्यम से सरकार गठन के 100 दिवस के भीतर कमेटी गठन संविदा कर्मचारियों के मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। किन्तु सत्ता में आने के बाद उनके समस्त वादे सिर्फ वादे रह गए। और सत्ता प्राप्ति के बाद समस्त वादे भुला दिये गये। गुरुवार 28 अगस्त को हड़ताल के ग्यारहवें दिन एनएचएम कर्मचारियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। जिसमें साय सरकार द्वारा किए गए नियमितीकरण के वादे " मोदी की गारंटी" को याद दिलाने के लिए मंच में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी, माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व वित्त मंत्री ओ पी चौधरी का मुखौटा लगाकर मंच पर आमंत्रित किया और गायन के माध्यम से वादों को याद दिलाया। और उम्मीद जताई कि शासन जल्द अपने वादे को याद करे व मांगों को पूरा करें।




## श्री रामलला दर्शन योजनाः आस्था संस्कृति व सामाजिक चेतना का संगम

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई श्री रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों को अयोध्या में स्थित भगवान श्री रामलला के दर्शन का सुअवसर प्रदान करना है। योजना की औपचारिक शुरुआत 5 मार्च 2024 को रायपुर से हुई थी, जब मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं पहली ट्रेन को रवाना किया था। जिले में योजना प्रारंभ से अब तक 1632 रामभक्तों ने अयोध्या जाकर भगवान श्री राम का दर्शन लाभ ले चुके हैं। जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र जशपुर से 134 जनपद पंचायत क्षेत्र मनोरा से 95, जनपद पंचायत क्षेत्र बगीचा से 168, नगर पालिका क्षेत्र जशपुर से 83, नगर पंचायत क्षेत्र बगीचा से 58, जनपद पंचायत क्षेत्र कुनकुरी से 172, जनपद पंचायत का क्षेत्र दुलदुला से 110, जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार से 179, नगर पंचायत क्षेत्र कुनकुरी से 109, जनपद पंचायत क्षेत्र पत्थलगांव से 220, जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल से 165 नगर पालिका क्षेत्र पत्थलगांव से 82 और नगर पंचायत क्षेत्र कोतबा से 57 रामभक्त अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन कर चुके हैं। रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलता है, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहती है। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, यहां के लोग उन्हें भांचा राम के नाम से भी जानते हैं। भगवान श्री राम के प्रति आस्था प्रदेश के कण कण पर व्याप्त है।



### ऑपरेशन शंखनाद की एक और सफलता

## चार दिनों में 25 गौवंश मुक्त, तीन वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



पिकअप से गौवंश बरामद करती पुलिस।

**जशपुरनगर।** चार दिनों के भीतर लोदाम थाना,पंडरापाठ चौकी व करडेगा चौकी क्षेत्र में की गई अलग-अलग कार्रवाई में पुलिस ने कुल 25 गौवंशों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपी फरार है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दो पिकअप और एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 24 अगस्त को लोदाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की पिकअप क्रमांक जेएच 01 सीजी 7279 में मवेशियों को बेरहमी से ठूंसकर झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर ग्राम जामटोली में नाकेबंदी की गई। पुलिस को देख आरोपी पिकअप छोड़कर भाग निकले। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें से 14 गौवंश बरामद हुए। इसी क्रम में 27 अगस्त को ग्राम पोड़ी मार्ग पर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो क्रमांक जेएच 10 एक्यू 1376 पकड़ी गई। जांच में पाया गया कि तस्करों ने गाड़ी की पैसेंजर सीट निकालकर उसमें 4 गौवंश भरे हुए थे। आरोपी मौके से फरार हो गए, तलाश जारी है।

24 अगस्त की रात ग्राम बुरजुडीह निवासी किसान कृष्णा कुमार भगत ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि उसकी ट्रैक्टर ट्रॉली के पास एक संदिग्ध पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 5312 खड़ी है, जिसमें मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया है।सूचना पर चौकी पंडरापाठ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी में 5 भैंस बरामद किए गए। आरोपी तस्कर पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने वाहन जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**करडेगा में दो आरोपी तस्कर गिरफ्तार-** 26 अगस्त को चौकी करडेगा पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली कि दो व्यक्ति पैदल ही गौवंश हांक कर ले जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। उनकी पहचान रविशंकर यादव 42 वर्ष और सोमारु कोरवा 54 वर्ष, दोनों निवासी गोड़अम्बा, करडेगा, जिला जशपुर के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 गौवंश बरामद कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) (क) (घ) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

#### इनका रहा विशेष योगदान

गौ तस्करी रोकथाम की इन कार्यवाहियों में थाना लोदाम से थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे, सहायक उपनिरीक्षक सहवीर भगत, आरक्षक महेश्वर यादव और जसवंत मिंज, चौकी पंडरापाठ से प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कुमार सोनवानी, प्रधान आरक्षक विनोद केरकेट्टा, आरक्षक कुंदन नायक और राजेश्वर भगत,वहीं चौकी करडेगा से प्रभारी उपनिरीक्षक भागवत नायकर, प्रधान आरक्षक भगत लाल गोरे और आरक्षक पंकज तिर्की की उल्लेखनीय भूमिका रही।

#### फरार आरोपियों की तलाश जारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस लगातार गौ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। केवल चार दिनों में ही 25 गौवंशों को मुक्त कराया गया है और तीन वाहन जब्त किए गए हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी रहेगा।

## सीएम कैंप कार्यालय बगिया में विराजे गणपति

**जशपुरनगर।** बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में गणपति महाराज की स्थापना बड़े ही विधि-विधान और श्रद्धा भाव से की गई है। पूजा-अर्चना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश का स्वागत किया। इस अवसर पर गणपति जी की आरती, पुष्प अर्पण और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान श्री गणेश से प्रदेश की खुशहाली समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। 11 दिनों तक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन गणपति उत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन होगा। भक्तों के लिए सुबह-शाम आरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सीएम कैंप कार्यालय में गणपति स्थापना के इस आयोजन से पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया है।



## शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की अपील

**कोतबा।** आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतबा पुलिस चौकी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर सहित चौकी क्षेत्र के पंचायतों की गणेश उत्सव समितियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। बैठक में आवश्यक चर्चा कर दिशानिर्देश पुलिस द्वारा दिए गए।

बैठक में चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव ने जिसमें विभिन्न गणेशोत्सव समिति सदस्यों व जनप्रतिनिधियों को गणेश उत्सव धार्मिक आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक सभी आयोजनों में मर्यादा और गरिमा का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी समितियां अपने कार्यक्रम की जानकारी कोतबा पुलिस चौकी को दें और स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि ध्वनि यंत्रों के उपयोग में न्यायालय की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा और रात में तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी पंडाल के कारण यातायात अवरुद्ध नहीं होना चाहिए, और फुहड़ गाने या शराब सेवन की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रात के समय प्रत्येक पंडाल में कम से कम दो सदस्य सुरक्षा हेतु वालेंटियर मौजूद रहें। बैठक में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव,पार्षद पंकज शर्मा,हाई स्कूल फ्रेन्ड्स क्लब समिति से अजय गुप्ता, रायगढिया चौक समिति से पार्षद जय नायक, कारगिल चौक से राजकुमार बंजारा, सरपंच अमृत पैकरा, दिनेश साहू, सहित पत्रकार गण व अन्य सैकड़ों गणमान्य नागरिक समिलित हुए। सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन और पुलिस को आश्वस्त किया कि गणेश उत्सव के दौरान वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे और कार्यक्रम को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित किया जाएगा।



बैठक में पुलिस और समिति के सदस्य।

## अवैध इमारती लकड़ी ट्रक सहित जब्त



ट्रक के साथ जब्त की गई लकड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में वन संपदा की अवैध कटाई व तस्करी पर शिकंजा कसते हुए वन विभाग ने गुरुवार को कंडोरा गांव और उसके आसपास के जंगलों में बड़ी कार्रवाई की। वन अधिकारियों ने दबिश देकर 100 घन मीटर से अधिक कीमती इमारती लकड़ी जब्त की।

विभाग ने मौके से एक महिंद्रा ट्रक क्रमांक जेएच 01 सीजे 2651भी कब्जे में लिया, जिसमें शीशम प्रजाति की लकड़ी भरी हुई थी। सूत्रों से मिली गुप्त जानकारी पर की गई इस कार्रवाई ने अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा दिया है। विभाग का कहना है कि कंडोरा इलाके में लंबे समय से लकड़ी की अवैध कटाई और भंडारण की शिकायतें मिल रही थीं।

#### सुबह-सुबह छापामारी

न मंडलाधिकारी शशि कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने तड़के ही जंगलों में घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई शुरू की। अचानक हुई दबिश में टीम को खम्हार, साखू, सामन और शीशम जैसी बहुमूल्य प्रजातियों की लकड़ी का विशाल भंडार मिला। मौके पर मौजूद लोगों से वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन कोई भी कागजात नहीं मिल पाए।

#### वाहन भी जब्त

वन विभाग ने मौके से लकड़ी ढोने में प्रयुक्त महिंद्रा ट्रक को भी जब्त कर लिया। ट्रक और लकड़ी दोनों को विभागीय परिसर में सुरक्षित रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले में वन अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी शामिल

कार्रवाई में डिप्टी रेंजर गणपुर, परिक्षेत्र अधिकारी तपकरा, परिक्षेत्र सहायक सहित वन विभाग के कई कर्मचारी शामिल रहे।

**जनता से सहयोग की अपील:** वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने कहा वन संपदा की अवैध कटाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। हम जनता से अपील करते हैं कि वे जंगलों की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।"जिले में हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद यह चर्चा तेज हो गई है।

### संयम और तपस्या का अनोखा संगम

## दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ, उत्तम क्षमा, द्वेष त्याग कर अपनाई करुणा

**जशपुरनगर।** दिगंबर जैन समाज का पावन पर्व दशलक्षण महापर्व गुरुवार से आरंभ हो गया है। यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम, त्याग और तपस्या का प्रतीक है। जैन धर्म में इसे सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि से शुरू होकर यह पर्व दस दिनों तक चलता है और इसका समापन अनंत चतुर्दशी के दिन होता है। इस वर्ष यह पर्व 28 अगस्त से प्रारंभ होकर 6 सितंबर तक मनाया जाएगा।

आत्मा को पापबंधन से मुक्त करना और मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होना है। 'अहिंसा परमो धर्मः'के मूल सिद्धांत को आत्मसात करते हुए दिगंबर जैन अनुयायी इन दस दिनों तक गहन साधना में लीन रहते हैं। उपवास, सामायिक, स्वाध्याय, प्रतिक्रमण, दान और तपस्या इस पर्व का मुख्य अंग हैं।




पहले दिन को 'उत्तम क्षमा'के रूप में मनाया गया। क्षमा का अर्थ है क्रोध, द्वेष, ईर्ष्या और वैर जैसे नकारात्मक भावों का त्याग करना। इस अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष प्रवचन आयोजित किए गए, जिनमें जीवन में क्षमा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रवचन में बताया गया कि क्षमाभाव आत्मा का सहज गुण है, जो शत्रुता को समाप्त कर मैत्री और करुणा का भाव उत्पन्न करता है।पर्व के प्रथम दिवस भगवान की प्रतिमा को विधान मंडल स्थान पर वेदी में विराजित करने का सौभाग्य संजय कुमार राजेश कुमार काला परिवार को प्राप्त हुआ,वहीं श्री जी की शांतिधारा करने का पुण्यार्जन भागचंद विकास कुमार जैन परिवार ने किया। दूसरे दिन को 'उत्तम मार्दव'यानी विनम्रता का दिन कहा गया है। इस दिन का संदेश है कि अहंकार, अभिमान और घमंड का त्याग करके विनम्र बने। इस दिन जैन साधक अपने व्यवहार में कोमलता और विनम्रता लाने का संकल्प लेंगे।

#### पर्व का महत्व और धार्मिक कार्यक्रम

पर्व के दौरान प्रत्येक दिन का एक विशिष्ट गुण निर्धारित है, जो आत्मा की शुद्धि की दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है। इन दिनों में जैन समाज के लोग प्रातःकालीन पूजन, अभिषेक, सामूहिक प्रतिक्रमण, तपस्या और प्रवचनों में भाग लेते हैं। कई श्रद्धालु इस दौरान निर्जला उपवास, एकासन जैसे कठिन व्रत करते हैं। जशपुरनगर स्थित जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। मध्यप्रदेश सागर से आए योगेश भैया जी ने कहा कि दशलक्षण पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है।

#### क्या कहते है जैन धर्मावलंबी

जैन समाज के सदस्यों का कहना है कि यह पर्व आत्म परीक्षण का अवसर है। इससे मनुष्य में त्याग, संयम और सहनशीलता के गुण विकसित होते हैं। दशलक्षण पर्व का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन होगा। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना, शोभा यात्रा का आयोजन होगा। पर्व के पश्चात आश्विन कृष्ण एकम को श्रद्धालु क्षमावाणी पर्व मनाते हैं, जिसमें वे सभी से वर्ष भर में जाने अनजाने में अपने द्वारा की गई किसी भी प्रकार के गलती के लिए क्षमा मांगते हैं और सभी को क्षमा करते हैं।



# आशिक पुश्तैनी गाने ने यूट्यूब पर मचाया तहलका

**मुंबई।** संजय बेडिया गिरगांवकर द्वारा निर्मित हिंदी गाना 'आशिक पुश्तैनी' ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर तहलका मचा दिया है। गाने ने कई रिकार्ड तोड़ दिए हैं। गाने की स्वैग भरा स्टाइल, भव्य लोकेशन और दमदार म्यूजिक ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं, गाने को लेकर संजय बेडिया गिरगांवकर ने खुशी जताते हुए कहा कि फ़ाइनली आशिक पुश्तैनी दर्शकों तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि हमारी मेहनत और जुनून का नतीजा है। हमें उम्मीद थी कि लोग इसे पसंद करेंगे, लेकिन इतने बड़े स्तर पर रिस्पॉन्स मिलेगा, यह हमारे लिए भी सरप्राइज है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## चेन्नई एक्सप्रेस से अलग हैं परम सुंदरी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म परम सुंदरी लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही परम सुंदरी की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की चेन्नई एक्सप्रेस से की जा रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी चेन्नई एक्सप्रेस से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, मुझे चेन्नई एक्सप्रेस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं। साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया। दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि चेन्नई एक्सप्रेस एक हिट फिल्म है। लेकिन, दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि, मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है। 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



## हॉलीवुड मसाला




# टेलर ने ट्रेविस से की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** अमरीकी पॉप गायिका, सिंगर, निर्माता और अभिनेत्री टेलर स्विफ्ट ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई कर ली है। दोनों ने अपनी प्रपोजल की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। एक तस्वीर में ट्रैविस एक घुटने पर बैठकर टेलर को प्रपोज करते दिखे। तो वही एक तस्वीर में टेलर की हीरे की अंगूठी ने सबका ध्यान खींचा। दोनों ने मजेदार कैप्शन में लिखा, 'आपके अंग्रेजी शिक्षक और जिम शिक्षक शादी कर रहे हैं।'



# मेरे लिए सबसे जरूरी मैं भारतीय हूं

**मुंबई।** सारा अली खान के पिता मुस्लिम हैं तो वहीं उनकी मां हिंदू। सारा की खास बात यह है कि वह दोनों धर्म की रिस्पेक्ट करती हैं और उन्हें फॉलो करती हैं। अब सारा ने दोनों धर्म को लेकर बात की और बताया कि उनके लिए सबसे ऊपर भारत है। सारा ने कहा वह ईद भी मनाती हैं, गणेश चतुर्थी भी और क्रिसमस भी। सारा ने कहा, 'मेरे लिए सबसे ऊपर है कि मैं इंडियन हूं। मेरी आध्यात्मिक मान्यताएं चाहे जो भी हों, उनके मूल में भारतीय होने की अहम भावना है। मेरे लिए भारतीय होना मतलब सब त्योहारों को सेलिब्रेट करना। हम ईद मनाते हैं, हम गणेश चतुर्थी मनाते हैं, हम क्रिसमस मनाते हैं और मुझे लगता है कि सहानुभूति उतनी प्रचलित नहीं है जितनी होनी चाहिए, लेकिन त्यौहार इसकी अनुमति देते हैं।' गणेश चतुर्थी को लेकर सारा ने कहा कि यह त्योहार उनके लिए काफी स्पेशल है।



# दिलवाले... ले जाएंगे गाने को किया रीक्रिएट

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर अपनी क्यूट केमिस्ट्री के लिए फेमस हैं। यह जोड़ी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी मजेदार वीडियोज शेयर करते हैं। दोनों की जोड़ी हर किसी को खूब पसंद आती हैं। अब बुधवार को सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर एक रोड ट्रिप का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सोनाक्षी और जहीर अपने दोस्तों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में जहीर इकबाल गाड़ी चलाते दिख रहे हैं और सोनाक्षी के साथ मिलकर मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के गाने 'हो गया है तुझको तो प्यार सजना' पर मजेदार रील बनाते नजर आ रहे हैं, जो इस रोड ट्रिप के मूड को और भी रंगीन बना देता है। सोनाक्षी और जहीर की यह केमिस्ट्री फैंस को खूब भा रही है। वीडियो में उनकी मस्ती देखकर हर कोई मुस्कुरा रहा है।



# केपॉप डीमन हंटर्स बनी ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज...

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ओटीटी के पॉपुलर प्लेटफॉर्म्स में से एक है, जिसमें हर दिन नई फिल्में और वेब सीरीज देखने को मिल जाती है। लेकिन, हाल ही में खबर आई है कि केपॉप डीमन हंटर्स ने डॉने जॉनसन, रयान रेनॉल्ड्स और गल गैडोत की रेड नोटिस को पछाड़ दिया है। नेटफ्लिक्स की कंपेनियन वेबसाइट टुडुम के मुताबिक, सोनी पिक्चर्स एनिमेशन द्वारा एनिमेटेड म्यूजिकल के पॉप डीमन हंटर्स को 236 मिलियन व्यूज अब तक मिल चुके हैं। नेटफ्लिक्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले हफ़्ते 25.4 मिलियन अतिरिक्त व्यूज के साथ, के-पॉप डीमन हंटर्स अंग्रेजी फिल्मों की लिस्ट में नंबर वन का खिताब हासिल कर चुकी है। फिलहाल, नेटफ्लिक्स पर सबसे ज़्यादा स्ट्रीम की जाने वाली पांच फिल्में के-पॉप डेमन हंटर्स, रेड नोटिस, कैरी-ऑन, डोंट लुक अप और द एडम प्रोजेक्ट हैं। के-पॉप डेमन हंटर्स के कुल 236 मिलियन व्यूज हैं। जबकि रेड नोटिस के 230.9 मिलियन व्यूज थे।

## टीवी मसाला




# दाल पर मचा बवाल, गौरव से भिड़ गए घरवाले; बसीर ने भी दिखाया गुस्सा

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की शुरुआत को अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन घर के अंदर बहस और झगड़े का माहौल तेजी से गरमाने लगा है। वजह है- घर में दाल पर हुआ विवाद, जिसमें गौरव खन्ना और जीशान कादरी आमने-सामने आ गए, वहीं बसीर अली ने भी आग में घी डालने का काम किया। घर के अंदर खाना हमेशा से झगड़ों की जड़ रहा है और इस बार भी वही नजारा देखने को मिल रहा है। हुआ यूं कि घरवालों का कहना है कि गौरव खन्ना ने तीन कटोरी दाल खा ली, जिस पर जीशान कादरी का पारा चढ़ गया। जीशान ने गुस्से में गौरव को जाहिल आदमी तक कह डाला। बसीर अली ने भी गौरव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने घरवालों के लिए कोई परवाह नहीं की और अपनी मनमानी की। गौरव ने खुद को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने दाल केवल एक बार ही ली थी, लेकिन जीशान और बसीर का आरोप था कि उन्होंने बार-बार सर्व किया। गौरव ने इस बहस से तंग आकर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा- 'अगर इतनी ही दिक्कत है तो मुझे नॉमिनेट कर दो।' उनके इस एटिट्यूड ने माहौल को और ज्यादा गरमा दिया। जैसे ही प्रोमो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर आया, दर्शकों के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई फैंस ने गौरव खन्ना को स्मार्ट प्लेयर बताया। कुछ ने उनकी सीआईडी इंस्पेक्टर वाली पर्सनैलिटी और एटिट्यूड की जमकर तारीफ की। वहीं कुछ दर्शकों का मानना है कि यह विवाद गौरव की पोजीशन को और मजबूत करेगा।

## कोई खुशी से पागल भी हो सकता है : जयदीप

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर आस्क मि सेशन के दौरान एक फैन से सवाल का जवाब दिया जिसमें जयदीप की एक्टिंग की उन्होंने



तारीफ की। यूजर ने सचिन से पूछा- जयदीप ने आपकी तारीफ में बहुत बातें की हुई हैं, आपको इस पर कुछ कहना है? यूजर के इस सवाल पर सचिन ने कहा, 'वो एक बेहतरीन एक्टर हैं और मुझे उनका काम काफी पसंद हैं। 'पाताल लोक' में हाथीराम का किरदार शानदार था।' सचिन की तरफ से खुद की तारीफ सुनकर जयदीप की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने तुरंत सचिन के पोस्ट को शेयर करते हुए अपने जज्बात बयां किए। जयदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरीज लगाईं। पहली स्टोरी में उन्होंने लिखा- 'सर ऐसे मत करो कोई खुशी से पागल भी हो सकता है। बहुत बहुत शुक्रिया सर। इस मोमेंट को मैं पूरी जिंदगी अपने साथ संजोकर रखूंगा।' वहीं एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा- कहीं मैं सपना तो नहीं देख रहा हूं। आपका बहुत बहुत धन्यवाद सर। जयदीप अहलावत की पहली भूमिका साल 2008 की शॉर्ट फिल्म नरमीन में थी।

# भगवान भी हमें अलग नहीं कर सकते : सुनीता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के तलाक की चर्चाओं के बीच बुधवार के दिन दोनों ने अपने घर में धूमधाम से गणपति स्थापना की। खास बात यह रही कि कपल ने एक साथ पपराजी के सामने पोज दिए और सुनीता ने यह दावा किया कि अगर भगवान भी आ जाएं तो भी उन्हें और गोविंदा अलग नहीं कर सकते। हालांकि, कुछ समय पहले गोविंदा के



वकील ललित बिंदल ने खुद इस बात की पुष्टि की थी कि सुनीता ने तलाक की अर्जी डाली थी। सुनीता आहूजा ने कहा, अगर कुछ हुआ होता, तो हम आज इतने करीब नहीं होते। हमारे बीच जरूर कोई दूरी होती। हमें कोई अलग नहीं कर सकता, ऊपर से खुद भगवान भी आ जाएं तो भी नहीं... मेरा गोविंदा सिर्फ मेरा है, किसी और का नहीं। जब तक हम खुद कुछ न कहें, कृपया कुछ भी मत कहिए। टीना आहूजा ने अपने माता-पिता के तलाक की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा था कि ये महज अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेतीं, क्योंकि उनके लिए ये गॉसिप से ज्यादा कुछ नहीं हैं। टीना ने यह भी कहा था कि वह खुद को खुशनसीब मानती हैं कि उन्हें इतना प्यारा परिवार मिला है।

# ये सेलेब्स हर वर्ष अपने घरों में करते हैं गणपति बप्पा का भक्तिभाव से स्वागत

**मुंबई।** बुधवार से गणेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस त्योहार को कई सितारे बहुत ही हर्ष के साथ हर वर्ष मनाते हैं। साथ ही वे गणपति बप्पा की मूर्ति भी अपने घर पर स्थापित करते हैं। इस कड़ी में सलमान खान, शिल्पा शेट्टी से लेकर माधुरी दीक्षित तक का नाम शामिल है।

**सोनाली बेंद्रे :** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे हर वर्ष गणेश चतुर्थी बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं और अपने घर में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित करती हैं। साथ ही एक्ट्रेस इस त्योहार की झलकियां अपने सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।

**सलमान खान :** दिग्गज अभिनेता सलमान खान के परिवार में भी गणेश चतुर्थी बहुत ही भव्य तरीके से मनाई जाती है। इस त्योहार को मनाने की एक्टर के घर पर एक परंपरा हो गई, जहां उनकी बहन अर्पिता शर्मा हर साल बप्पा को घर ले आती हैं। साथ ही इस पर्व पर पूरा परिवार एक साथ इकट्ठा होता है और भक्ति भाव से सभी के मंगलकामनाओं की प्रार्थना करता है।



**अनन्या पांडे :** सिनेमाई दुनिया की युवा अभिनेत्री अनन्या पांडे भी भगवान श्री गणेश की परम भक्त हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर बप्पा को स्थापित करती हैं और उनकी सेवा करती हैं।

**शिल्पा शेट्टी :** शिल्पा शेट्टी पिछले कई वर्षों से अपने घर पर गणपति बप्पा का धूमधाम से स्वागत करती हैं और उनकी देखभाल करती हैं। इस त्योहार में उनका पूरा परिवार शामिल होता है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस बार सोशल मीडिया पर बताया कि वो परिवार में किसी के निधन के कारण यह पर्व नहीं मना पाएंगी।

**माधुरी दीक्षित :** बॉलीवुड की धक-धक गर्ल नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी परंपराओं की वजह से पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर हर साल भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करती हैं, जिसकी तस्वीरें और वीडियोज अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

## देशभर में मंदिरों से लेकर पंडालों तक गणेशोत्सव की धूम

# इन अभिनेताओं ने निभाई लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका

*मुंबई। बुधवार से पूरे देश में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्त अपने घरों में बप्पा का स्वागत बड़े उत्साह के साथ करते हैं। मंदिरों से लेकर पंडालों तक, खासकर महाराष्ट्र में, यह त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। आइए, नजर डालते हैं उन अभिनेताओं पर जिन्होंने लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका निभाई है।*

### अद्वैत कुलकर्णी और अजिंक्य ठाकुर : जय देवा श्री गणेश

मराठी धारावाहिक 'जय देवा श्री गणेश' में अद्वैत कुलकर्णी ने बाल गणेश और अजिंक्य ठाकुर ने बड़े गणेश की भूमिका निभाई। यह शो 2020 में गणेशोत्सव के मौके पर शुरू हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह टीवी सीरियल महज 11 दिन में ऑफ एयर हो गया था। इसमें अजिंक्य ठाकुर, भाग्यश्री मोटे, पंकज विष्णु, अनुजा चौधरी, वेदांत रानाडे, अक्षय मिलिंद दांडेकर ने अहम भूमिका निभाई है।

### उजैर बसर 'विघ्नहर्ता गणेश'

बाल कलाकार उजैर बसर ने 'विघ्नहर्ता गणेश' में युवा गणेश की भूमिका निभाई है। यह टीवी शो 22 अगस्त 2017 को शुरू हुआ था और 12 नवंबर 2021 तक चला था। इस सीरियल में आकांक्षा पुरी, बसंत भट्ट, चिराग जानी, संजीव पांडे और विकास सलगोत्रा जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। यह शो काफी प्रसिद्ध हुआ था।

### *शनय भिसे जय मल्हार*

*मराठी धारावाहिक 'जय मल्हार' 18 मई 2014 को शुरू हुआ था और 30 अप्रैल 2017 तक यह शो चला। इस शो में शनय भिसे ने गणेश की भूमिका निभाई। यह शो भगवान खंडोबा की कथा पर आधारित था। इस शो में सुरभि हंडे, ईशा केसकर, देवदत्त नागे, नकुल घनेकर, पूर्वा नीलिम सुभाष ने अहम भूमिका निभाई है।*



### स्वराज येवले और आदिश वैद्य - गणपति बप्पा मोरया

टीवी धारावाहिक 'गणपति बप्पा मोरया' में स्वराज येवले और आदिश वैद्य ने गणेश जी की भूमिका निभाई। यह शो 24 नवंबर 2015 से 13 अगस्त 2017 तक चला और 539 एपिसोड पूरे किए। यह शो माता पार्वती और उनके पुत्र गजानन के रिश्ते पर आधारित है। ये एक मराठी सीरियल है।

### *साधिल कपूर, अल्पेश ढाकन, एहसान भाटिया देवो के देव...महादेव*

*'देवो के देव...महादेव' एक लोकप्रिय शो रहा है। इसमें साधिल कपूर (2012), अल्पेश ढाकन (2013-2014), और एहसान भाटिया (2014) ने गणेश की भूमिका निभाई है। इस शो में मोहित रैना ने देवो के देव महादेव की भूमिका निभाई है। यह शो 18 दिसंबर 2011 को ये शुरू हुआ था और 14 दिसंबर 2014 को ये ऑफ एयर हुआ। 'देवो के देव...महादेव' में मौनी रॉय, सौरभ राज जैन, सोनारिका भदौरिया, पूजा बनर्जी, सुहासी गोराडिया धामी, अनुष्का सेन, रुशीराज पवार जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई।*

### जागेश मुकाती : श्री गणेश

दिवंगत अभिनेता जागेश मुकाती ने 1 अक्टूबर 2000 से 29 जून 2003 तक चले 'श्री गणेश' में गणेश जी का किरदार निभाया। टीवी सीरियल श्री गणेश भी काफी फेमस हुआ था। 1 अक्टूबर 2000 से शुरू होकर ये शो 29 जून 2003 को समाप्त हुआ। धीरज कुमार द्वारा निर्देशित ये शो भगवान गणेश की कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अरुण पाल, सुनील नागर, गायत्री जयारमन, प्रियंका पुथरन ने भी अहम भूमिका निभाई है।

### आकाश नायर : गणेश लीला

आकाश नायर ने 2009-2010 में 'गणेश लीला' में भगवान गणेश की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भगवान गणेश पर कई सीरियल बने, उन्हीं में से एक है 'गणेश लीला'। 2009 में शुरू हुआ ये शो प्रसिद्ध सीरियल्स में से एक है। इसमें भगवान गणेश का किरदार आकाश नायर ने निभाया है। आकाश इस रोल से काफी प्रसिद्ध हुए।

## खबर संक्षेप

### गुड्स ट्रांस्पोर्ट्स एसो ने की पार्किंग की मांग



**राउरकेला।** औद्योगिक नगरी राउरकेला देश के परिवहन तंत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र है जहां प्रतिदिन हजारों मालवाहक गाड़ियों का आना जाना होता है। बावजूद इसके यहां अब तक स्थायी पार्किंग व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे ट्रांसपोर्टर्स लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव मानस महंती ने बताया कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गाड़ियों को इधर उधर खड़ा करना मजबूरी बन गया है। इस दौरान चालकों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूले जाते हैं लेकिन इसके बावजूद गाड़ियों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं रहती। बैटरी, टायर, टर्मिनल वायर, डिज़ल और अन्य सामानों की चोरी आम बात हो गई है। महंती ने कहा कि पुलिस डीआईजी के हस्तक्षेप से अस्थायी रूप से नो.पार्किंग फाइन से राहत मिली है, लेकिन स्थायी समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही स्थायी पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो राउरकेला में मालवाहक गाड़ियों की संख्या में कमी आ सकती है, जो स्थानीय उद्योग और व्यापार के लिए चिंता का विषय होगा वहीं आम जनमानस को कृत्रिम महंगाई का मार झेलना पड़ सकता है।

### कलुंगा स्टेशन पर दो ट्रेनों के ठहराव की मांग

**राउरकेला।** औद्योगिक नगरी राउरकेला के समीप स्थित कलुंगा रेलवे स्टेशन पर हावड़ा जगदलपुर एक्सप्रेस संबलेश्वरी एवं दानापुर दुर्ग एक्सप्रेस साऊथ बिहार के ठहराव की मांग को लेकर कलुंगा विकास परिषद ने आवाज बुलंद की है। परिषद के प्रतिनिधियों ने स्टेशन मैनेजर के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओराम, दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम और डीआरएम चक्रधरपुर को ज्ञापन भेजा। साथ ही मांगे नहीं पूरी होने पर रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा गया है कि कलुंगा क्षेत्र प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में लोग कार्य और आवागमन के लिए निर्भर रहते हैं। इसके बावजूद यहां यात्रियों की सुविधा के अनुरूप ट्रेन ठहराव नहीं है, जिससे उन्हें भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। प्रतिनिधियों ने क्षोभ जताया कि जहां बिसरा स्टेशन पर 10 ट्रेनों का ठहराव स्वीकृत हुआ, वहीं कलुंगा की पुरानी मांग अब तक अधूरी है। इस अवसर पर एके प्रधान, संजीत साहू, एमएल मंडल, पुरम महत्तू, ठाकुर बाबू, शंकर यादव, ओंकार पांडा, श्रीकांत पटेल, शतपथी बाबू, एमडी रजक, एमडी ताजुद्दीन खान, एमडी सदाब खान, आसिफ खान, डमरू साहू और वीके नाइक सहित कई प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना शीघ्र हो : यादव

**राउरकेला।** कृषि प्रधान जिला सुंदरगढ़ में लंबे समय से कृषि विज्ञान केंद्र.2 की स्थापना की मांग की जा रही हैए लेकिन यह अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। जबकि ओयूएटी भुवनेश्वर ने 27 नवंबर 2024 को ही विशेष सचिव, कृषि एवं सिंचाई विभाग, ओडिशा सरकार को भूमि आवंटन हेतु निर्देश जारी किए थे। इसके बाद 22 जनवरी 2025 को डिप्टी सेक्रेटरी गिरधारी नायक ने भी इसे अर्जेंट बेसिस पर पूरा करने के लिए आदेश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।भाजपा नेता रमेश अग्रवाल ने इसके लिए लगातार सार्थक प्रयास किएए लेकिन केंद्र की स्थापना अभी तक अधर में है। इस पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि रमेश अग्रवाल का योगदान सराहनीय है व अन्य सभी इस ऐतिहासिक कदम के लिए अपना योगदान दें स उन्होंने अपील की कि यदि सभी दलों के नेता दलगत भावना से ऊपर उठकर प्रयास करें तो राउरकेला में जल्द ही कृषि विज्ञान केंद्र 2 की स्थापना संभव हो सकेगी।डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य में डबल इंजन सरकार होने के कारण यह कार्य सुगमता से किया जा सकता है। उन्होंने इसे जिले ही नहीं अपितु आँचलिक किसानों के हित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की व एनडीए के मुखिया मोहन माझी से जरूरी हस्तक्षेप की मांग की।

## समारोह स्थल में देर रात तक जमे रहे दर्शक, तालियों की होती रही गड़गड़ाहट

# कुमार विश्वास के ओजस्वी कविता पाठ से गूंजा चक्रधर समारोह, दर्शक भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के मंच पर सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास की ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण काव्य पाठ ने समा बाँध दिया। उनकी कविताओं और गीतों ने दर्शकों को हँसी भावुकता और विचारों की गहराई से भर दिया।

डॉ.कुमार विश्वास ने जब अपनी लोकप्रिय पंक्तियाँ तुझी से शाम हो जाना, तुझी से भोर हो जाना सुनाईं तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उन्होंने अपने काव्य पाठ में मिले हर जख्म को मुस्कान से सीना नहीं आया, अमरता चाहते थे पर जहर पीना नहीं आया जैसी मार्मिक रचनाएँ भी प्रस्तुत कीं। इन पंक्तियों ने श्रोताओं को जीवन की विडंबनाओं और मानवीय संवेदनाओं की सजीव अनुभूति कराई। इसके साथ ही उनकी प्रसिद्ध रचना कोई दीवाना कहता है, कोई पागल कहता है पर श्रोताओं ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाईं। उनके व्यंग्य शेरो शायरी और सहज शैली ने कार्यक्रम को और भी रोचक और अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गूँज से अपने प्रिय कवि का स्वागत किया। डॉ. कुमार विश्वास की प्रस्तुतियों ने न केवल मंच की शोभा बढ़ाई बल्कि श्रोताओं के दिलों में साहित्य और कविता के प्रति गहरी छाप भी छोड़ी।

### राष्ट्रभाषा को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाले कवि

कवि डॉ. कुमार विश्वास युवा पीढ़ी के अत्यंत कलाकार है। उन्होंने देश की राष्ट्र भाषा हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। उनका जन्म 10 फरवरी 1970 को हुआ। कवि डॉ. कुमार विश्वास की साहित्य में बहुत रुचि है। 2001 में उन्हें शोध के लिए पुरस्कृत भी किया गया है। उनके द्वारा फिल्मों में भी गीत लिखे गए है। उन्होंने रामकथा को भाव पूर्ण प्रस्तुत किया है। वे लेखनी, वाणी और कलम के धनी है। वे व्यंग्य बहुत ही पैनी प्रस्तुत करते है। उनके साथ युवा गीतकार गौरव साक्षी, आगरा से आए वीर रस के युवा कवि ईशान देव, हास्य कवि दिनेश गौरवा और सुश्री अल्पना आनंद ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागणों ने डॉ. कुमार विश्वास की कविताओं को न केवल सुना, बल्कि उनकी भावनाओं को आत्मसात भी किया। पूरा माहौल साहित्य और काव्यरस से सराबोर हो गया। चक्रधर समारोह का यह कवि सम्मेलन श्रोताओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ।

### राजेंद्र गंगानी के कथक से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



रायगढ़ में आयोजित हो रहे चक्रधर समारोह के मंच पर दिल्ली से पधारे देश के प्रख्यात कथक नर्तक पंडित राजेंद्र गंगानी ने अपनी मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के 40वें संस्करण की शुरुआत उनके प्रस्तुति से हुई। जयपुर घराने के वरिष्ठ कलाकार पंडित गंगानी ने अपनी अद्भुत नृत्य शैली में पारंपरिक कथक की झलक प्रस्तुत की। महज चार वर्ष की आयु से उन्होंने नृत्य साधना प्रारंभ की थी। वर्ष 2003 में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कार और अलंकरण प्राप्त हुए हैं। उनकी कला में परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय संगम देखने को मिलाए जिसने श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# पुसौर में गणेश उत्सव की धूम, नगर में उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और निजी आवासों में भगवान गणेश की प्रतिमाएँ स्थापित कर भक्तजन पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन में रमे हुए हैं। इस दौरान पुसौर के 15 वार्डों में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है।

■ नगर पंचायत में जगह जगह विराजमान हैं गजानन

कोल्तापारा मोहल्ला में गणेश युवा समिति द्वारा वर्षों से गणेश स्थापना की परंपरा जारी है, हालांकि इसका वास्तविक आरंभ वर्ष किसी को याद नहीं। इसके अलावा श्री रामयुवा समिति, अमरज्योति युवा समिति और चैतन्य युवा समिति सहित गली-मुहल्लों के 8-10 लोगों के छोटे समूह और व्यक्तिगत रूप से लगभग 300 से अधिक स्थानों पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष उमेश साव ने सोशल मीडिया के माध्यम से सभी नगरवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने स्वयं अपने घर में भी गणेश स्थापना कर परिवार के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर नगरवासियों में एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का अनुभव हुआ।

### स्थानीय कलाकारों का योगदान

गणेश महापर्व के अवसर पर छुपी कला और प्रतिभा भी सामने आती है। चौहान मोहल्ला के कलाकार शौकीलाल चौहान और उनके भाई श्याम लाल चौहान ने बाजार से मूर्ति लाने के बजाय स्वयं गणेश प्रतिमा का निर्माण किया और इसे स्थापना के लिए प्रस्तुत किया। इस पहल की नगरवासी खुले दिल से सराहना कर रहे हैं। पुसौर में गणेशोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि नगर की सांस्कृतिक चेतना और स्थानीय प्रतिभा का प्रतीक बनकर उभरा है।

# एनिमल लवर ग्रुप ने उठाई शेल्टर की मांग, मंत्री चौधरी ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बेजुबान पशुओं के लिए सुरक्षित आश्रय और बेहतर देखभाल की मांग अब जोर पकड़ रही है।

इसी सिलसिले में रायगढ़ एनिमल लवर ग्रुप ने छत्तीसगढ़ के वित्त एवं पर्यावरण मंत्री तथा रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी से मुलाकात की और शहर में पशुओं के लिए शेल्टर होम की मांग रखी। ग्रुप ने मंत्री के सामने बताया कि दिल्ली एनसीआर जैसे महानगरों में पशुओं पर हो रहे अत्याचारों की घटनाएं चिंता का विषय हैं। रायगढ़ को इससे अलग और पशु अनुकूल शहर बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने एक सर्वसुविधायुक्त पशु शेल्टर बनाने की मांग रखीए जहां बेजुबान पशुओं को रहने, खाने-पीने और चिकित्सा की उचित सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सड़कों पर रहने वाले पशुओं के लिए नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच शिविरों की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया, ताकि रेबीज जैसी खतरनाक बीमारियों को समय रहते रोका जा सके।



### मंत्री ओपी ने दिया आश्वासन

मंत्री ओपी चौधरी ने ग्रुप की मांगों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि चंद्रधर समारोह के बाद इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा बेजुबानों का दर्द हमारा दर्द है। उनके कल्याण के लिए आपका प्रयास सराहनीय है और मैं इस मुहिम में आपका साथ दूंगा। रायगढ़ एनिमल लवर ग्रुप की इस पहल को लेकर स्थानीय लोगों में सकारात्मक चर्चा है। ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि वे बेजुबानों की आवाज बनकर उनके लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बिहार के कैमूर में ऑब्जर्वर बने आकाश

**पुसौर।** कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा को बिहार के कैमुर जिले की बबुआ विधानसभा में आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। 28 जुलाई से वे इस महत्वपूर्ण कार्यभार को संभाल रहे हैं और कांग्रेस के उम्मीदवार चयन प्रक्रिया, मतदाता संपर्क और चुनावी रणनीति में अपनी विशेषज्ञता का योगदान दे रहे हैं। आकाश मिश्रा बिहार के पटना स्थित सदाकत आश्रम में कांग्रेस प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कर रहे हैं। वे गलत तरीके से वोटर लिस्ट से काटे गए नामों की जानकारी जुटाकर संबंधित नागरिकों तक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा जनकल्याणकारी रैलियों में भागीदारी कर रहे हैं और टिकटार्थियों को कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी से भेंट कराने की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस सचिव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य के रूप में आकाश मिश्रा को जनता के बीच माहौल समझने और उन्हें मोटिवेट करने की कला अच्छी तरह से आती है।

### जिले के 1.85 लाख किसानों के खाते में सीधे पहुंची राशि

# सीएम किसान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़



जिला संस्कृति भवन में सीएम किसान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर भुवनेश्वर स्थित ओयूएटी सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य के 51 लाख से अधिक किसानों के खातों में रबी 2025-26 की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी और सम्मानित अतिथि के रूप में ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं तलसरा विधायक भवानी शंकर भोई उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मंच पर मौजूद थे। श्री भोई ने कहा कि किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार अनेक योजनाएँ चला रही है और सीएम किसान योजना उनमें प्रमुख है। इसे उन्होंने किसानों के लिए अक्षय पात्र बताया। वहीं पुजारी ने कहा कि किसान समाज को पोषण देने वाले असली अन्नदाता हैं। उन्होंने नुआखाई पर्व की सामाजिक एकता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सबके सहयोग से ही राज्य का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर सुंदरगढ़ जिले के 1,85,955 किसानों के बैंक खातों में सहायता राशि सीधे ट्रांसफर की गई। इनमें सबसे अधिक लाभ नूआगांव ब्लॉक के 15,549 किसानों को मिला। अन्य ब्लॉकों के हजारों किसान भी योजना से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में किसान पंजीकरण व योजना के सफल क्रियान्वयन में योगदान देने वाले क्षेत्रीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य जिला कृषि अधिकारी लालबिहारी मलिक ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी और अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर एनआईसीए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कृषि विशेषज्ञ, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अधूरी सड़क में टोल टैक्स वसूलने से नाराजगी



**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला को देश के विभिन्न गंतव्यों से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अधूरा होने के बावजूद टोल वसूली शुरू होने से लोगों में नाराजगी है। परियोजना अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने हाई टेंशन तारों का हवाला देते हुए कहा कि इन्हें हटाने की प्रक्रिया चल रही है। तार हटने के बाद मार्ग आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

हालांकि वर्षों बाद भी सड़क का पूरा न होना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। वेदव्यास थाना क्षेत्र के पास बार बार सड़क का टूटना और गड्ढों का बनना गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राउरकेला जैसी इस्पात नगरी में बेहतर सड़क व्यवस्था बेहद जरूरी है। उद्योग और संस्थानों के महत्व को देखते हुए इस मार्ग का शीघ्र उद्घाटन और गुणवत्तापूर्ण निर्माण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एंव सलाहकार मंडल के सदस्य राममेहर शर्मा ने कड़ा रोष जताते हुए इस भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन इस मार्ग को शीघ्रताशिघ्र खोलने का कार्य करें।

# खेल दिवस पर सम्मान समारोह

**रायगढ़।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर 29 अगस्त को पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रायगढ़ में पहली बार एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान और पूर्व खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को रायगढ़ खेल रत्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

यह समारोह नवनिर्माण संकल्प समिति रायगढ़ और संस्कार पब्लिक स्कूल की संस्कार एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन और मार्गदर्शन प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाजसेवी रामचंद्र शर्मा कर रहे हैं। इससे पहले भी इन संस्थाओं द्वारा गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 500 शिक्षक और सामाजिक एवं पर्यावरण क्षेत्र के विभूतियों का सम्मान किया गया था। सम्मान समारोह में रायगढ़ के विभिन्न खेल क्षेत्रों के वर्तमान और पूर्व खिलाड़ी तथा प्रशिक्षक शामिल होंगे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## रायगढ़-पुसौर सहित जिलेभर में दिखा सांस्कृतिक रंग

# नुआखाई पर नए अन्न के संग मांगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पश्चिम ओडिशा और छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती संस्कृति का सबसे बड़ा कृषि पर्व नुआखाई गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव-गांव और शहर के मोहल्लों में लोग स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और अपने आराध्य देवी-देवताओं व पूर्वजों की स्तुति कर नए धान का प्रसाद अर्पित किया। परिवार के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

पुसौर, रायगढ़ और आसपास के गांवों में स्थित मां संबलेश्वरी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता को नए अन्न का भोग अर्पित कर समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर संबलपुरी गीत-संगीत और ढोल-झांझर की थाप से देर तक गूंजता रहा। वहीं घरों में भी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। त्योहार के अवसर पर घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बने। कुछ परिवारों ने कोरिया के पत्तों पर ही नए अन्न का प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा निभाई गई। छोटे-बड़े सभी ने अपने घर के बुजुर्गों को प्रणाम कर नुआखाई जुहार भेंट किया और आशीर्वाद लिया।

### जुहार भेंट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

त्योहार को लेकर अब रायगढ़ और पुसौर क्षेत्र में विभिन्न समाजिक संगठनों द्वारा नुआखाई जुहार भेंट के कार्यक्रम तय किए गए हैं। आगामी दिनों में बड़े स्तर पर शोभायात्राएं, संबलपुरी नृत्य-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। भोलिया समाज द्वारा इसके लिए भव्य स्तर पर तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार पूरे समाज द्वारा नुआखाई को भव्य रूप में एक साथ मनाया जाएगा।

### एकता और पारिवारिक बंधन का प्रतीक

नुआखाई को किसान-मजदूरों की एकता और पारिवारिक बंधन का पर्व कहा जाता है। यह त्योहार नई फसल से उपजी आशा, भाईचारे और सामूहिकता का संदेश देता है। इस अवसर पर गांव-गांव में मेल-मिलाप हुआ और लोग एक-दूसरे को नुआखाई जुहार कहकर गले मिले।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411